हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 5 जुलाई 2026
[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

06 इटारसी और बैतूल हाईवे के डिवाइडरों पर फूलों की...



10 जिले में लगातार तेज बारिश से कई गांवों का...



## खबर संक्षेप

### उपभोक्ता की समस्या का तत्काल समाधान किया

**नर्मदापुरम।** सेमरी हरचंद वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम बोरी निवासी इंदर ठाकुर को शिविर में तत्काल नया बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया गया। इंदर ठाकुर को नवीन विद्युत कनेक्शन की आवश्यकता थी। उन्होंने संपर्क शिविर में पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मात्र 5 रुपये का आवेदन शुल्क जमा कर नया कनेक्शन प्राप्त करने के लिए आवेदन किया। शिविर में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आवेदन का त्वरित परीक्षण कर आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कीं और मौके पर ही उन्हें नया बिजली कनेक्शन उपलब्ध करा दिया।

### बुधवाड़ा गोशाला में गायत्री महायज्ञ आज

**माखन नगर।** राष्ट्र में सुखशांति समृद्धि सद्बुद्धि एवं उन्नत भविष्य के लिए वृंदावन गोशाला बुधवाड़ा में रविवार 10:00 बजे गायत्री महायज्ञ का दिव्य आयोजन किया जा रहा है गायत्री परिवार माखन नगर ने क्षेत्र वासियों से आग्रह किया है कि सभी नागरिक एवं श्रद्धालुगण अपने परिवार मित्रों एवं परिचितों सहित यज्ञ में पधार कर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

### इटारसी की नवागत सीएमओ ने शहर में चलाई विशेष मुहीम

# सीएमओ के कड़े तेवर, गंदगी फैलाने वालों पर की गई ताबड़तोड़ कार्रवाई

नवनियुक्त सीएमओ सुरेखा जाटव ने गंदगी और अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्रवाई कर जुर्माना लगाया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इटारसी

विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे के निर्देशन में नगर पालिका परिषद में सीएमओ सुरेखा जाटव ने पदभार ग्रहण करते ही शहर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था, अतिक्रमण और गंदगी के खिलाफ सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। शनिवार को सीएमओ के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम ने रेलवे स्टेशन रोड मुख्य मार्ग, गोठी धर्मशाला और पेट्रोल पंप क्षेत्र में एक विशेष मुहिम चलाई।



#### न बहस, न सिफारिश—सीधे जुर्माना

सीएमओ सुरेखा जाटव ने साफ कर दिया है कि या तो शहर को साफ रखा जाए या रोज जुर्माना भरने के लिए तैयार रहें। बार-बार अवहेलना करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ ने सभी नागरिकों और व्यापारियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सुबह की सफाई के बाद दोपहर तक बाजारों में फिर कचरा जमा हो जाता है। यही कचरा बहकर नालियों को चोक करता है, जिससे बारिश में जलभराव की गंभीर समस्या खड़ी होती है। सभी दुकानदार अनिवार्य रूप से डस्टबिन का उपयोग करें ताकि शहर स्वच्छ और सुंदर बना रहे।

#### प्रमुख कार्रवाई और सख्त हिदायत

**अतिक्रमण पर अंतिम चेतावनी**

लंबे समय से नालियों और फुटपाथ पर शोकेस व सामान रखकर मार्ग अवरुद्ध करने वाले दुकानदारों को सीएमओ ने कड़े लहजे में चेताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि दुकानदार अपनी हद में रहकर व्यवसाय करें, अन्यथा अगली बार बिना किसी रियायत के सामान की जब्ती और भारी जुर्माने की कार्रवाई होगी।

**शराब दुकान पर जुर्माना**

स्टेशन रोड स्थित शराब दुकान के आसपास भारी मात्रा में डिस्पोजल ग्लास और कचरा मिलने पर नपा टीम ने 5 रुपए का स्पॉट फाइन किया। पूर्व में दी गई हिदायत के बाद भी सफाई न रखने पर यह कार्रवाई की गई। इस दौरान ठेकेदार के कर्मचारियों की पैरवी या फोन पर बात करने की कोशिशों को सीएमओ ने सिरे से खारिज कर दिया।

**ठेला व गुमटी पर कार्रवाई**

दुकान के बाहर फुटपाथ और हाथ ठेलों पर खानपान की सामग्री बेचने वालों पर भी 200 से 500 रुपए तक का जुर्माना लगाया। बहस करने वाले एक दुकानदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। पिछले तीन दिनों में गंदगी फैलाने वालों से 15 हजार रुपए का जुर्माना वसूला जा चुका है।

## 680 किग्रा महुआ लाहन व 19 लीटर हाथ भट्टी मदिरा हुई जब्त

### आबकारी विभाग ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब के निर्माण, विक्रय, परिवहन एवं संग्रहण के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव प्रसाद द्विवेदी के मार्गदर्शन में शनिवार, 4 जुलाई 2026 को वृत्त पिपरिया शहर अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर आकस्मिक दबिश देकर अवैध मदिरा के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान अंबेडकर वार्ड, कुचबंदिया मोहल्ला, हाथवास, ग्राम राईखेड़ी एवं रिछेड़ा में दबिश देकर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) के तहत कुल 8 प्रकरण कायम किए गए। इस दौरान 680 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 19 लीटर हाथ भट्टी निर्मित अवैध मदिरा जब्त की गई। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 71 हजार 800 रुपये आंकी गई है। यह कार्रवाई वृत्त प्रभारी श्री हितेश कुमार बिशोरिया के नेतृत्व में की गई, जिसमें आबकारी आरक्षक श्री गणपति बोबड़े का सराहनीय योगदान रहा। आबकारी विभाग ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा के निर्माण एवं कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार सूचनाएं एकत्रित की जा रही हैं तथा ऐसे मामलों में निरंतर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## सावधान रहें, बिल भुगतान अधिकृत माध्यमों से ही करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों के सम्माननीय बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने बिजली बिलों का नगद भुगतान कंपनी के जोन, वितरण केन्द्र कार्यालय, पीओएस मशीन अथवा अधिकृत भुगतान केन्द्रों जैसे एम.पी.ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर पर ही करें। उपभोक्ताओं को बिजली बिलों के कैशलेस भुगतान हेतु कंपनी के पोर्टल नेट बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, यूपीआई, ईसीएस, बीबीपीएस, कैश कार्ड एवं वॉलेट आदि फोन पे, अमेजान पे, गूगल पे, पेटीएम एप, व्हाट्सएप पे एवं उपाय मोबाइल एप के माध्यम से भी बिल भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। कंपनी के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया है कि उपभोक्ता को असमय विद्युत विच्छेदन से बचने हेतु किसी निजी मोबाइल नंबर से कॉल कर भुगतान करने हेतु कोई एसएमएस/ वाट्सएप जारी नहीं किया जाता है।

## वसूली लक्ष्य प्राप्त करने बड़े बकायादारों को रोज मिलेंगे नोटिस

### 30 नोटिसों के बाद भी अगर नहीं माने तो होगी कुर्की की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इटारसी

विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे के निर्देशन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री सुरेखा जाटव ने आज राजस्व विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। बैठक में राजस्व वसूली की सुस्त रफ्तार पर नाराजी जताते हुए सीएमओ ने राजस्व निरीक्षक और सभी सहायक राजस्व निरीक्षकों को वसूली में तेजी लाने के कड़े निर्देश दिए हैं। लक्ष्य के मुकाबले अब तक महज 5 प्रतिशत वसूली होने की



जानकारी सामने आने पर सीएमओ ने नाराजी जताई। उन्होंने हर एआरआई को प्रतिदिन अनिवार्य रूप से कम से कम 30 नोटिस जारी करने का लक्ष्य दिया है।

राजस्व अमले को निर्देश दिए गए हैं कि शहर के बड़े बकायादारों को चिह्नित कर सबसे पहले उन्हें नोटिस थमाए जाएं। छोटे बकायादारों से भी वसूली की जाए।

**अंतिम चेतावनी**

सीएमओ ने स्पष्ट रुख अपनाते हुए कहा कि नोटिस मिलने के बाद भी यदि बकायादारों ने टैक्स जमा करने में रुचि नहीं दिखाई, तो नगर पालिका बिना किसी ढील के सीधे कुर्की की वैधानिक कार्रवाई शुरू करेगी। सीएमओ ने राजस्व अमले को दोटूक शब्दों में चेतावनी दी है कि राजस्व वसूली के कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कर्मचारी मुस्तैदी से फील्ड में उतरकर लक्ष्य पूरा करें।

## जिला स्तरीय बैठक में अनेक लंबित मामलों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम



अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय के रेवा सभा कक्ष में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समिति के संबंधित अधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग द्वारा बैठक के एजेंडा के अनुसार विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों के अन्वेषण की स्थिति, न्यायालय में लंबित मामलों के अभियोजन की प्रगति तथा अत्याचार पीड़ितों को राहत एवं अन्य देय सुविधाओं की समीक्षा की गई।

## शीतला माता मंदिर में भक्तों व श्रृद्धालुओं ने दूर किया अंधेरा, लगाया पावर बैकअप सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इटारसी

भारत टॉकीज रोड स्थित प्रसिद्ध शीतला माता मंदिर में अब माता रानी के दर्शनों के लिए भक्तों को अंधेरे और भीषण गर्मी का सामना नहीं करना पड़ेगा। लंबे समय से मंदिर का इन्वर्टर और बैटरी खराब पड़े थे, जिसके कारण मंदिर परिसर में उमस और अंधेरे की स्थिति बनी रहती थी। इस समस्या को देखते हुए 4 जुलाई को स्थानीय समाजसेवियों और दानदाताओं के सामूहिक सहयोग से मंदिर में नया पावर बैकअप सिस्टम स्थापित कर दिया गया है। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि परिसर में 1120 वाट का नया इन्वर्टर और 205 एएस की हैवी



बैटरी लगाई गई है। इस पूरे सेटअप पर कुल 28,000 रुपए का खर्च आया, जिसमें से पुराना खराब सिस्टम 4,000 में एक्सचेंज किया गया। शेष 24,000 की कुल राशि का भुगतान नगर के चार प्रमुख समाजसेवियों द्वारा मिलकर किया गया। इस पुनीत कार्य में नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों ने 6,000-6,000 का बराबर सहयोग दिया उनमें नानकराम खिलवानी समोसा कॉर्नर, अनिल मिहानी, शिवाकांत गुड्डन पांडे और बेनी शंकर शर्मा शामिल हैं। नया इन्वर्टर चालू होने के बाद अब मंदिर परिसर चौबीसों घंटे दूधिया रोशनी से जगमगाएगा और माता के दरबार में आने वाले श्रद्धालुओं को भी भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिलेगी। स्थानीय भक्तों ने इस सराहनीय पहल के लिए सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त किया है।

## मुस्कान संस्था आयोजित करेगी प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इटारसी

महादेव सुंदरम जनकल्याण शिक्षण समिति द्वारा संचालित मुस्कान संस्था के तत्वावधान में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं नगर पालिका परिषद, इटारसी के सहयोग से ₹प्रतिभा सम्मान समारोह एवं करियर गाइडेंस कार्यक्रम का रविवार को दोपहर 3:00 बजे ईश्वर रेस्टोरेंट, इटारसी में किया जाएगा। आयोजक अनुष्का शर्मा भाटिया एवं अंशिका सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, विभिन्न करियर विकल्पों, व्यक्तित्व विकास तथा भविष्य की संभावनाओं पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान करना ही नहीं, बल्कि उन्हें अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए सही दिशा एवं प्रेरणा प्रदान करना भी है।

कार्यक्रम में शिक्षा, प्रशासन एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे, जो विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करेंगे। मुस्कान संस्था ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों एवं नगरवासियों से कार्यक्रम में सपरिवार उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

## सांसद ने कार्यकर्ताओं का किया मार्गदर्शन योजनाओं का लाभ दिलाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

बनखेड़ी नजदीकी ग्राम करपा स्थित मंगल भवन में भारतीय जनता पार्टी चांदौन मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में होशंगाबाद–नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाना प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है। उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत




बनाने, नियमित जनसंपर्क, सक्रिय संवाद तथा सेवा कार्यों के माध्यम से जनता के बीच संगठन की उपस्थिति सुदृढ़ करने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों एवं अभियानों में पूर्ण सक्रियता के साथ भागीदारी निभाने तथा सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुँचाने का आग्रह किया। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, महिला मोर्चा प्रदेश सह कार्यालय मंत्री ललिता पुर्विया, जिला उपाध्यक्ष अर्चना साहू, पूर्व किसान मोर्चा प्रदेश कार्यालय मंत्री प्रयागराज रघुवंशी, सरोवर पटेल, नीतिराज सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष पलाश शुक्ला, राजा भैया, दिनेश चौधरी, संजय पटेल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## तवा पुल पर दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक आवागमन बंद रहेगा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| माखननगर

मध्य प्रदेश सड़क विकास संभाग, नर्मदापुरम अंतर्गत नर्मदापुरम-पिपरिया मार्ग पर स्थित महत्वपूर्ण तवा पुल पर मरम्मत कार्य किया जा रहा है। पुल की संरचनात्मक मजबूती सुनिश्चित करने के लिए बेरिंग बदलने का कार्य प्रगति पर है। इस कार्य के लिए दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक तवा पुल पर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। पुल के दोनों तरफ 12 फीट के हाइट गेज बैरियर लगाए गए हैं

प्रशासन द्वारा नागरिकों एवं वाहन चालकों से अपील की गई है कि निर्धारित अवधि के दौरान असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक (डायवर्टेड) मार्गों का उपयोग करें तथा यातायात पुलिस एवं प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें।

### स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल में विद्यार्थी कैबिनेट गठित

## नेतृत्व केवल पद प्राप्त करना नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों का ईमानदारी व संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करना: चटर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंण्डरी स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए विद्यार्थी कैबिनेट का शपथ ग्रहण समारोह का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी नारायण प्रजापति एवं देहात थाना प्रभारी उषा मरावी रहीं। समारोह में विद्यालय के निदेशक डॉ. आशीष चटर्जी, डायरेक्टर जूही चटर्जी, प्राचार्य श्रीमती मोना चटर्जी, जनरल मैनेजर श्रीमती सोनल सोखी एवं उपनिरीक्षक खुमान सिंह पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ।




इसके पश्चात प्राचार्य द्वारा नव-गठित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। हेड बॉय, हेड गर्ल, स्पोर्ट्स कैप्टन, सांस्कृतिक सचिव तथा विभिन्न हाउस कैप्टेन ने विद्यालय की गरिमा बनाए रखने, अनुशासन का पालन करने तथा अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया।

अतिथियों ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में छात्र कैबिनेट के सभी पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाए देते हुए उन्हें निष्ठा, समर्पण एवं उत्तरदायित्व की भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के निदेशक डॉ. आशीष चटर्जी ने अपने संबोधन में कहा कि नेतृत्व केवल पद प्राप्त करना नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों का ईमानदारी एवं संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करना है।

उन्होंने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट नेतृत्व गुण विकसित कर आदर्श नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। वहीं प्राचार्य मोना चटर्जी ने नवगठित छात्र कैबिनेट को शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने कार्यों एवं अनुशासन से विद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएँगे। कार्यक्रम का प्रभावी एवं आकर्षक संचालन शिक्षिका रचना तिवारी एवं महिंदर कौर द्वारा किया गया। समारोह के सफल आयोजन में कार्यक्रम प्रभारी शिक्षिकाए किरण झारिया, निकिता नागर तथा मेघा बैस रहीं।

## एसपी ने कोर्ट मुहर्रिरों की बैठक ली, वारंट तामीली के दिए निर्देश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

पुलिस कंट्रोल रूम में शनिवार को पुलिस अधीक्षक (एसपी) साई कृष्णा ने जिले के सभी थानों में पदस्थ समंस मुंशी और कोर्ट मुहर्रिरों की अहम बैठक ली। इस दौरान न्यायालय और थानों से जुड़े कामकाज की विस्तार से समीक्षा की गई। एसपी ने कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गंभीर अपराधों से जुड़े समंस और वारंट की तामीली हर हाल में प्राथमिकता पर और तुरंत की जाए। इसके साथ ही, ई-समंस और 'ई-साक्ष्य एप' के जरिए सभी आवश्यक कार्य तय समय-सीमा में पूरे करने को कहा गया। उन्होंने सभी कर्मियों को पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ अपनी ड्यूटी निभाने के लिए प्रेरित किया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन, डीपीओ राजकुमार नेमा, सभी अनुभागों के एडीपीओ, एसडीओपी और समन, वारंट शाखा प्रभारी सउनि सतीश डांग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक आज

**बैतूल।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा बैतूल की नियमित मासिक बैठक आज रविवार 5 जुलाई को सुबह 11:30 बजे जिला अध्यक्ष सुन्दरलाल कड़वे के निवास पर आयोजित की जाएगी। बैठक में हाल ही में 30 जून को सेवा निवृत्त हुए पेंशनर्स साथियों का स्वागत, सम्मान एवं अभिनंदन किया जाएगा। इसके साथ ही पेंशनर्स से जुड़े व्यक्तिगत एवं सामूहिक लंबित प्रकरणों पर प्रभावी और सार्थक कार्रवाई सुनिश्चित कराने के लिए संगठन की आगामी रणनीति भी तय की जाएगी। बैठक में चरणबद्ध आंदोलन की आगामी रूपरेखा पर भी विस्तृत चर्चा होगी। विशेष रूप से 22 जुलाई 2026 को भोपाल के अम्बेडकर पार्क में आयोजित होने वाले प्रांत स्तरीय धरना-रैली कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैतूल जिले की सभी तहसीलों एवं जिला शाखा से अधिक से अधिक संख्या में पेंशनर्स की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा। संगठन की एकता को मजबूत करने तथा आंदोलन को सफल बनाने के लिए तन, मन और धन से सहयोग जुटाने की रणनीति भी बैठक में बनाई जाएगी। जिला अध्यक्ष सुन्दरलाल कड़वे, जिला सचिव शिवचरण हजारे, कार्यकारी अध्यक्ष जगन्नाथ पाठेकर, सुरेन्द्र पचोरी, नरेन्द्र कुमार शर्मा सहित समस्त कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने जिले के सभी पेंशनर्स साथियों से समय पर बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### जहां दिखना चाहिए सुंदर पौधे, वहां नजर आ रहे बबूल-अकाव

# इटारसी और बैतूल हाईवे के डिवाइडरों पर फूलों की जगह जंगली पौधों का साम्राज्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

बैतूल से इटारसी फोरलेन सड़क के बीच डिवाइडर पर सुंदर और छायादार पौधों को लहलहाना था, लेकिन देखरेख के अभाव में सुंदर और छायादार पौधों के स्थान पर जंगली बबूल, अकाव एवं काटेदार झाड़ियां उग गई हैं। एनएचएआई और ठेका कंपनी की लापरवाही के चलते यह जंगली पौधे न सिर्फ सड़क की खूबसूरती बिगाड़ रहे हैं, बल्कि हादसों को भी आमंत्रण दे रहे हैं।

नियमों के मुताबिक, हाईवे के डिवाइडरों पर ऐसे पौधे और झाड़ियां लगाई जानी चाहिए, जो रात के समय सामने से आने वाले वाहनों की हेडलाइट की रोशनी (चकाचौंध) को रोक सकें। वातावरण को शुद्ध भी रखें। लेकिन सच्चाई यह है कि जहां रंग-बिरंगे फूलों के पौधे और सुसज्जित ग्रीनरी होनी चाहिए थी, वहां आज कंटीले बबूल और अकाव के पेड़ खड़े हैं। रख रखाव के अभाव में ये जंगली झाड़ियां इतनी बढ़ गई हैं कि कई खतरनाक मोड़ों पर वाहन चालकों को दूसरी तरफ का ट्रैफिक देखने में भारी परेशानी होती है। बता दे कि बैतूल से इटारसी तक 72 किमी में से 51 किमी फोरलेन ही बनाया गया है। 21 किमी में निर्माण अभी नहीं हुआ है। 51 किमी को जो फोरलेन बना है, उसके बीच डिवाइडरों में सुंदर और छायादार पौधे लगाया जाना था। लेकिन वर्तमान में स्थिति इसके उलट है। जो डिवाइडर हरे रंग के और



हरियाली से भरे होने चाहिए थे, वे झाडियों से पटे पड़े हैं। जिसका मुख्य कारण डिवाइडरों के बीच लगे पौधों और घास की नियमित सिंचाई की व्यवस्था नहीं होना है। इस कारण डिवाइडरों के बीच घास और फूलों के पौधे भी सूख चुके है। उनकी जगह बबुल, अकाव और जंगली झाड़ियों ने ले ली है। जिससे फोरलेन बदरंग नजर आ रहा है।

**बदरंग नजर आ रहा इटारसी-बैतूल के बीच फोरलेन :** एनएचएआई की मॉनीटरिंग के अभाव और ठेका कंपनी की लापरवाही के कारण इटारसी-बैतूल के बीच फोरलेन के डिवाइडर पौधे और घास की वजह से बदरंग नजर आ रहे है। 2028 तक मेंटनेंस का अनुबंध होने के बाद भी न तो एनएचएआई द्वारा इस ओर ध्यान दिया जा रहा है और न ही ठेका कंपनी की लापरवाही कम हो रही है। सबसे खासबात यह है इसी मार्ग से जनप्रतिनिधि भी भोपाल आना-जाना करते हैं, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं है।

**इनका कहना है...**

अभी बरसात में यहां ग्रीनरी करेंगे। कॉन्ट्रेक्टर को यह कार्य करना है।

**मनीष मीणा**
प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई

**चार साल तक करना है मेंटनेंस का कार्य**

फोरलेन सडक पर डिवाइडरों के बीच लगी घास और बोगेनवेलिया के पौधे की देखभाल के लिए ठेका कंपनी को चार साल तक मेंटेनेंस करना है, लेकिन एक साल में ही डिवाइडर के बीच पौधे सूख चुके है। डिवाइडरों पर से हरियाली गायब है। बताया गया कि फरवरी 2025 से लेकर फरवरी 2028 तक ठेका कंपनी को फोरलेन के डिवाइडरों के पौधों की देखरेख करनी है। इसके बीच बिछी मिट्टी को भी ठीकठाक रखने की व्यवस्था देखनी है। लेकिन एक साल में ही यहां डिवाइडरों को हरा-भरा रखने के इंतजाम चौपट हो गए है। इटारसी-बैतूल मार्ग की यह बदहाली तब और ज्यादा खटकती है, जब जिले के अन्य हाईवे देखते हैं। एक ही जिले से गुजरने वाले अन्य नेशनल हाईवे के रख-रखाव में जमीन-आसमान का अंतर साफ नजर आता है।

**बैतूल-नागपुर, बैतूल इंदौर फोरलेन पर खिल रहे फूल**

एक तरफ इटारसी-बैतूल फोरलेन पर जहां डिवाइडर के बीच पौधे गायब है। जंगली झाड़ियां और पौधे ने जगह ले ली है, वहीं दूसरी तरफ बैतूल-नागपुर और बैतूल-इंदौर फोरलेन के डिवाइडर पर लगी घास और पौधों का नियमित मेंटनेंस होने से हरी-हरी घास और पौधों पर फूल खिल रहे है। 2014 में बनाए गए नागपुर-बैतूल फोरलेन की सडक के बीच के डिवाइडरों पर फूल नजर आते है। यहां डिवाइडरों के बीच हरियाली और फूलदार पौधे देखे जा सकते हैं। इसी तरह तीन साल पहले बनाए गए बैतूल-इंदौर फोरलेन के चिचोली से बैतूल के बीच 40 किलोमीटर में बने नए फोरलेन के बीच डिवाइडर पर फूल खिले हुए हैं।

**जनप्रतिनिधियों को ध्यान देने की जरूरत**

बैतूल-इटारसी पर बने डिवाइडरों पर बबुल और अकाव के जंगली पौधे फोरलेन को बदरंग करने के पर्याय बन रहे है। फोरलेन पर राह चलते लोग जब इन पौधों को देखते है तो अधिकारियों की मॉनीटरिंग और ठेका कंपनी की लापरवाही पर नाराजगी जाहिर करते है। लोगों का कहना है कि जब फोरलेन के डिवाइडरों पर पौधे और घास के मेंटनेंस का ठेका दिया गया है तो फिर ठेका कंपनी से कार्य क्यूं नहीं कराया जा रहा है या लापरवाही बरती जा रही है तो पैनाल्टी जैसी कार्रवाही नहीं किया जाना भी कई सवालों को जन्म देता है।

### जल निकासी के लिए नालियों का अभाव

## वार्ड की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन, समाधान की मांग



हरिभूमि न्यूज ▸▸ शाहपुर

नगर के वार्ड क्रमांक 12 मंगल पांडे वार्ड के रहवासियों ने मप्र राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य मंगल सिंग धुर्वे को ज्ञापन सौंपकर वार्ड में व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया। वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड में जल निकासी के लिए नालियों का अभाव बना हुआ है। हैंडपंप नहीं है। वार्डवार्ड सिर्फ नलजल योजना पर आश्रित है। बिजली पोल जो निजी प्लाट पर लगे हुए है, उसका सीमेंट रोड की दूसरी ओर शिफ्ट कराने और माँ माचना के किनारे पीचिंग जिससे मिट्टी का कटाव न हो और लोगों के मकान सुरक्षित रहे। इसके अलावा बैठने के लिए बैंच लगाने की भी मांग की। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष शाहपुर नीतू गुप्ता, किरण वर्मा उमेश पाटिल, सोनू प्रजापति, प्रथम जगताप, ऋषि मलैया, संजय प्रजापति, पिंटू प्रजापति, संजू धोटे, मुनमुन प्रजापति, निकिता गुप्ता, पूनम राठौर, ममता धोटे सहित वार्डवासी मौजूद रहे।

### मुलताई एवं प्रभात पट्टन में नेत्र शिविर 13 को

**बैतूल।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल एवं चिरायु मेडिकल कॉलेज अस्पताल बैरागढ़ भोपाल के तत्वावधान में घाटपिपरिया के स्व.शिवदयाल साहू की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन 13 जुलाई दिन सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुलताई एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभात पट्टन में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। आयोजन समिति के अनुसार शिविर में 60 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्ध जनों की आंखों की जांच की जाएगी एवं जिन आंखों में मोतियाबिंद पाया जाएगा उन सभी मरीजों के ऑपरेशन चिरायु मेडिकल कॉलेज अस्पताल बैरागढ़ भोपाल में किए जाएंगे। ऑपरेशन के बाद सभी मरीजों को दवाइयां, चश्मा, भोजन एवं आई ड्रॉप दिए जाएंगे। मोतियाबिंद रोग से पीड़ित सभी वृद्ध जनों को बस के द्वारा भोपाल ले जाया जाएगा एवं ऑपरेशन के बाद जांच स्थल मुलताई एवं प्रभात पट्टन से सभी मरीज घर जा सकेंगे। आयोजन समिति ने 60 वर्ष से अधिक उम्र के मरीजों से इस शिविर आग्रह किया है।

## आपसी सहमति से सुलझा गुरु नानक ट्रस्ट भूमि पर बिजली के खंभे का विवाद

### ट्रस्ट भूमि से 10 फीट दूर लगेगा पहला पोल, दूसरा पीछे स्थापित होगा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुलताई

नगर के इंदिरा गांधी वार्ड स्थित श्री गुरु नानक दरबार ट्रस्ट की भूमि पर बिजली के खंभे लगाने को लेकर पिछले कुछ दिनों से चल रहा विवाद गुरुवार को आपसी सहमति से समाप्त हो गया। नगर पालिका, विद्युत विभाग, ट्रस्ट पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों के बीच हुई चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि ट्रस्ट के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने कोई भी विद्युत पोल नहीं लगाया जाएगा। इसके स्थान पर पहला खंभा ट्रस्ट की भूमि से लगभग 10 फीट आगे तथा दूसरा खंभा भूमि के पिछले हिस्से के समीप स्थापित किया जाएगा। गौरतलब है कि इंदिरा गांधी वार्ड में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था के लिए नगर पालिका एवं विद्युत विभाग द्वारा ट्रस्ट भूमि के मुख्य द्वार के दोनों ओर बिजली के खंभे लगाने के उद्देश्य से गड्ढे खोदे गए थे। इस पर ट्रस्ट प्रबंधन ने आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा था कि बिना पूर्व अनुमति ट्रस्ट की भूमि पर कार्य किया गया है, जिससे भविष्य में प्रस्तावित जनहित के कार्य प्रभावित हो सकते हैं। इसी संबंध में ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी एवं अध्यक्ष डॉ. हरप्रीत कौर खुराना तथा ट्रस्टी अर्पित खुराना ने जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने संबंधित कार्य को तत्काल रोकने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद गुरुवार को नगर पालिका एवं विद्युत विभाग के कर्मचारी पुनः खंभों के लिए गड्ढे खोदने पहुंचे, जिस पर ट्रस्ट पदाधिकारियों, स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने आपत्ति जताई। कुछ समय तक हल्की नोकझोंक की स्थिति बनी रही, लेकिन बाद में सभी पक्षों ने आपसी चर्चा के माध्यम से समाधान निकालने का निर्णय लिया।

**भविष्य की योजनाओं को देखते हुए जताई थी आपत्ति**

ट्रस्ट प्रबंधन का कहना है कि संबंधित भूमि पर भविष्य में अस्पताल सहित अन्य जनहित के कार्य प्रस्तावित हैं। इसके अलावा इसी परिसर में सिख समाज का पवित्र निशान साहिब भी स्थापित है। ऐसे में मुख्य प्रवेश मार्ग के दोनों ओर बिजली के खंभे लगाए जाने से भविष्य में निर्माण कार्यों के साथ-साथ श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों को भी असुविधा हो सकती थी।

## शॉवर से लटकी मिली महिला

**बैतूल।** आमला स्थित 12 क्वार्टर रेलवे कॉलोनी में 37 वर्षीय रंजिता यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार रंजिता अपने घर के बाथरूम में फंदे पर लटकी मिलीं। परिजनों ने दरवाजा तोडक़र शव को नीचे उतारा और अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका की बड़ी बहन विजेता यादव ने घटना को संदिग्ध बताया है। उनका आरोप है कि घटना को लेकर उन्हें अलग-अलग लोगों से अलग-अलग जानकारी दी गई। विजेता के मुताबिक सबसे पहले प्रशांत यादव का फोन आया, जिसमें बताया गया कि रंजिता ने गीले कपड़े से फांसी लगा ली है। बाद में अन्य जानकारियां सामने आईं, जिससे उन्हें पूरा मामला संदिग्ध लग रहा है। विजेता यादव ने आरोप लगाया कि उनकी बहन को सास पुष्पा यादव, ससुर सुरेंद्र यादव और देवरानी मुस्कान यादव लंबे समय से मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे।

उनका कहना है कि बच्ची के जन्म के बाद भी रंजिता को आराम नहीं करने दिया जाता था और लगातार परेशान किया जाता था। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में छोटे बेटे की शादी के बाद से रंजिता के साथ भेदभाव बढ़ गया था। देवरानी को ज्यादा महत्व दिया जाता था, जबकि रंजिता के साथ नौकरानी जैसा व्यवहार होता था। विजेता यादव ने यह भी आरोप लगाया कि शादी से पहले प्रशांत यादव को सॉफ्टवेयर इंजीनियर और नागपुर में नौकरी करने वाला बताया गया था, लेकिन बाद में यह जानकारी गलत निकली। उन्होंने कहा कि उनकी बहन उनसे नियमित वीडियो कॉल पर बात करती थी और घर में होने वाले विवादों की जानकारी देती थी। वहीं मृतका के ससुर सुरेंद्र यादव ने मायके पक्ष के सभी आरोपों से इनकार किया है। उनका कहना है कि घटना वाले दिन रंजिता ने बच्ची की मालिश करवाई और खाना भी खाया था। इसके बाद जब परिवार के लोग घर में बैठे थे, तब रंजिता बाथरूम गईं। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर दरवाजा तोड़ा गया, जहां वह अंदर गिरी हुई मिलीं और चुन्नी लटकी हुई थी। उन्होंने बताया कि रंजिता को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सुरेंद्र यादव का कहना है कि रंजिता करीब दस वर्षों से डिप्रेशन की मरीज थीं और इलाज चल रहा था।

## वर्षा ऋतु में सुरक्षित पेयजल के लिए हैंडपंपों तथा पेयजल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन अभियान प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

वर्षा ऋतु के आगमन के साथ कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित सभी शासकीय हैंडपंपों तथा पेयजल स्त्रोतों का चरणबद्ध रूप से क्लोरीनेशन कराया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पेयजल स्त्रोतों को पूर्णतः जीवाणुरहित रखते हुए ग्रामीण नागरिकों को सुरक्षित एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार वर्षा ऋतु में भूजल एवं अन्य जल स्त्रोतों के दूषित होने की संभावना रहती है। इसे दृष्टिगत रखते हुए विभाग द्वारा नियमित रूप से हैंडपंपों तथा पेयजल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन एवं विसंक्रमण कराया जा रहा है, जिससे जलजनित रोगों जैसे डायरिया आदि की रोकथाम की जा सके तथा ग्रामीणों को गुणवत्तायुक्त पेयजल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। विभाग



द्वारा जिले के 5 उप-खंडीय जल परीक्षण प्रयोगशालाएं संचालित की जा रही हैं। आमजन अपने क्षेत्र के पेयजल की शुद्धता की जांच के लिए बैतूल प्रयोगशाला सुश्री ज्योति सरेयाम, सहायक यंत्री भैंसदेही प्रयोगशाला निखिल जैन, सहायक यंत्री चिचोली प्रयोगशाला सुश्री वंदना उपराले, सहायक यंत्री शाहपुर प्रयोगशाला योगेश धुर्वे, सहायक यंत्री मुलताई प्रयोगशाला श्री संजीव नाखाते, सहायक यंत्री पर संपर्क कर सकते है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वर्षा ऋतु के दौरान जलजनित बीमारियों से बचाव पेयजल को हमेशा स्वच्छ, विसंक्रमित एवं ढक्कनदार बर्तनों में ही सुरक्षित रखे, पानी निकालने के लिए लंबे हैंडल वाले स्वच्छ बर्तन या करछी का उपयोग करें, सीधे हाथ पानी में न डालें, जनस्वास्थ्य की दृष्टि से, यदि संभव हो तो पेयजल को उबालकर एवं ठंडा करने के उपरांत ही उपयोग में लाएं। हैंडपंप एवं अन्य पेयजल स्त्रोतों के परिधि के आसपास साफ-सफाई बनाए रखें तथा गंदा पानी जमा न होने दें। यदि किसी क्षेत्र में पेयजल दूषित, गंधयुक्त अथवा संदिग्ध प्रतीत होता है, तो उसका उपयोग तत्काल रोकें और उपरोक्त संबंधित उप-खंडीय प्रयोगशाला प्रभारी या विभागीय अधिकारियों को त्वरित सूचना दे।

## मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ने स्थापना दिवस पर स्वैच्छिकता पर्व का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के सभी दसों विकासखंडों में स्वैच्छिकता पर्व का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 4 जुलाई से 12 अगस्त 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य समाज में स्वैच्छिक सेवा, जनभागीदारी, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त करना है। अभियान के शुभारंभ अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों, नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों, सीएमसी एलडीपी के छात्र-छात्राओं



एवं परामर्शदाताओं, सीएम सोशल इंटर्न, सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने स्वैच्छिकता शपथ ग्रहण कर समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। स्वैच्छिकता पर्व के अंतर्गत जिलेभर में विभिन्न जनहितकारी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण, नशामुक्ति शपथ, स्वैच्छिकता शपथ, प्रेरक उद्बोधन, स्वच्छता अभियान, संस्कार केंद्रों में संगोष्ठियाँ तथा स्वैच्छिक भाव से कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं का सम्मान किया जाएगा। जिला समन्वयक संतोष सिंह राजपूत ने बताया कि यह अभियान समाज में सेवा, सहयोग एवं जनभागीदारी की संस्कृति को मजबूत करने का महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने सभी नागरिकों, नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों, सामाजिक संगठनों तथा युवाओं से अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाकर समाजहित के कार्यों में अपना योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने स्वैच्छिक सेवा की भावना को जन-जन तक पहुँचाने तथा समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## आयुष संस्थाओं में जिला आयुष अधिकारी ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

जिले की सभी आयुष संस्थाओं में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, अनुशासित और जनहितैषी बनाने के उद्देश्य से जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर द्वारा लगातार औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं।

निरीक्षण के दौरान संस्थाओं की कार्यप्रणाली, समयपालन, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं तथा विभागीय निर्देशों के पालन की गहन समीक्षा की जा रही है, जिससे आयुष औषधालयों की व्यवस्थाओं में सकारात्मक सुधार सुनिश्चित हो सके। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया कि जिले की सभी आयुष औषधालयों के




सुचारू संचालन को बनाए रखने के लिए यह सतत निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान यह देखा जा रहा है कि संस्थाएं निर्धारित समय पर खुल और बंद हो रही हैं या नहीं, कर्मचारियों द्वारा सार्थक ऐप पर नियमित उपस्थिति दर्ज की जा रही है या नहीं तथा सिकल सेल एनीमिया से ग्रस्त मरीजों को समय पर औषधियों का वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है या नहीं। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को आई गॉट कर्मयोगी एप पर अधिक से अधिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूर्ण करने, औषधीय पौधों का व्यवस्थित रखरखाव करने तथा विभागीय दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही कलेक्टर बैतूल के आदेशानुसार शासकीय कार्यप्रणाली में मितव्ययिता एवं उपलब्ध संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग संबंधी निर्देशों का गंभीरता से पालन करने पर विशेष जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान औषधालयों में आने वाले मरीजों के प्रति स्टाफ के व्यवहार, आवश्यक औषधियों की उपलब्धता तथा मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का भी बारीकी से मूल्यांकन किया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी ने कहा कि इस प्रकार के नियमित और सतत निरीक्षण से संस्थाओं की कार्यप्रणाली में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित होता है।

### स्थापना दिवस पर नन्हे विद्यार्थियों को दिलाया शिक्षा और संस्कार का संकल्प

# पोद्दार लर्न स्कूल में संपन्न हुआ विद्यारंभ संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुलताई

नगर के पोद्दार लर्न स्कूल में विद्यालय के चौथे स्थापना दिवस के अवसर पर नर्सरी एवं जूनियर कक्षाओं के नन्हे विद्यार्थियों के लिए विद्यारंभ संस्कार का भव्य आयोजन किया गया। गायत्री परिवार के सहयोग से आयोजित यह संस्कार कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ श्रद्धा और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक जीवन का शुभारंभ भारतीय संस्कृति एवं श्रेष्ठ संस्कारों के साथ करना था। इस अवसर पर सभी



विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम चरित्र, ज्ञानार्जन तथा सर्वांगीण विकास की मंगलकामना की गई। संस्कार समारोह में गायत्री परिवार की निर्मला चौधरी, उर्मिला देशमुख एवं मीरा देशमुख की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने वैदिक रीति-रिवाजों एवं मंत्रोच्चार के साथ नन्हे विद्यार्थियों का विद्यारंभ संस्कार संपन्न कराया तथा शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या तन्वी सवाशेरे एवं डायरेक्टर मुनमुन यादव ने विधिवत पूजन-अर्चन कर किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा तभी सार्थक होती है जब उसमें संस्कारों का समावेश हो। विद्यालय बच्चों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ उनके नैतिक एवं सांस्कृतिक विकास के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं आशा देशमुख, रश्मि परिहार सहित समस्त विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण से सराबोर रहा। समारोह में उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय की इस संस्कारप्रधान पहल की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए इसे बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं सफल शैक्षणिक जीवन की शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया।

## बैतूल के 27,778 बच्चों को मिलेंगे डेस्क युक्त स्कूल बैग, आज होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बैतूल

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं निपुण भारत कार्यक्रम 2023 के अंतर्गत शिक्षा और स्वास्थ्य को सुदृढ़ और बेहतर बनाने के लिए राज्य और केंद्र स्तर पर बच्चों के लिए कई शैक्षणिक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रेरक नेतृत्व में केंद्रीय राज्यमंत्री व सांसद दुर्गादास उइके के अथक प्रयासों से भारत सरकार के उपक्रम हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) द्वारा अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत यूनिसेड संस्था के सहयोग से जिले के 27,778 विद्यार्थियों को डेस्क युक्त शैक्षणिक बैग वितरित किए जाएंगे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत झिरन्या जनपद पंचायत झिरन्या**

कमांक /469 पंचा/2026 *विज्ञप्ति* दिनांक 04/07/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत झिरन्या के बकरा-बकरी बाजार ठेके की नीलामी दिनांक 07.07.2026 मंगलवार को प्रातः 11:00 बजे *ग्राम पंचायत भवन झिरन्या में की जावेगी। अतः इच्छुक व्यक्ति नियत दिनांक व समय पर उपस्थित होकर बोली में भाग लेवें।

**संजय वर्मा,**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत, झिरन्या**

**शर्मिला बाई मंडलोई**
**सरपंच**
**ग्राम पंचायत झिरन्या**

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस कमेटी करेगी किसानों के हित में आंदोलन

**पिपरिया।** पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र एवं विधानसभा क्षेत्र में लगातार किसानों को फसल लगाने से लेकर भुगतान तक खाद डीएपी खाद यूरिया खाद लेनें के लिए अब मंडी में भी लाइन लगाकर प्रवेश पर्ची दी जा रही है। सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी गई थी।उसका भुगतान नहीं किया गया है।और अब समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की जा रही है। जिसमें कुल 25% मूंग खरीदी के निर्देश दिए गए हैं। तथा कुल दो सेंटर ही बनाए गए हैं।वह भी अभी तक प्रारंभ नहीं किया गया है। प्रबंधक के अनुसार अभी टेंग बार दाने सर्वेयर नियुक्त नहीं किया गया है। कुल मिलाकर अनेकानेक अनमितताए प्रतीत हो रही है।होने की अपील की गई है ।

### सीहोर बाइज ने 4-3 से आरएसआई को हराया

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर खिलाड़ियों को मंच देने के लिए हर साल की तरह इस साल भी स्व. कैलाश सारंग की स्मृति में जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को जूनियर वर्ग के शानदार मुकाबले में सीहोर बाइज ने आरएसआई को 4-3 से हराया। इसके अलावा एक अन्य मैच में सीनियर वर्ग में सीहोर क्लब ने सीहोर एमजी क्लब को 5-3 के अंतर से हराया। गुरुवार की शाम को खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में सीहोर बाइज और आरएसआई के मध्य मैच खेला गया था। इस मैच में सीहोर बाइज की ओर से आदित्य ने 2 गोल, युवराज-प्रतीक ने 1-1 गोल किया।

### जंगल में कटे मिले सागौन के ठूंठ, ग्रामीण बोले: निगरानी की कमी से है सक्रिय

# वन विभाग की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल, जंगलों पर चल रही कुल्हाड़ी

सिवनी मालवा एवं बानापूरा वन परिक्षेत्र के जंगलों में कीमती सागौन पर कुल्हाड़ी चल रही है, अवैध कटाई के मामले सामने आने से वन विभाग की कार्यप्रणाली पर अब गंभीर सवाल उठने लगे हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

सिवनी मालवा एवं बानापूरा वन परिक्षेत्र के जंगलों में बहुमूल्य सागौन के पेड़ों की अवैध कटाई के मामले सामने आने से वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। जंगल के भीतर कई स्थानों पर कटे हुए सागौन के पेड़ों के ठूंठ दिखाई देने से क्षेत्र के ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों में नाराजगी है।

उनका कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी निगरानी और कार्रवाई नहीं की गई तो वन संपदा को भारी नुकसान हो सकता है।

#### ग्रामीणों ने की निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग

स्थानीय नागरिकों ने वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, अवैध कटाई में शामिल लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा संवेदनशील वन क्षेत्रों में रात्रिकालीन गश्त और निगरानी व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि जंगल केवल लकड़ी का स्रोत नहीं, बल्कि पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर हैं, जिनकी सुरक्षा प्रशासन और समाज दोनों की साझा जिम्मेदारी है।

#### पर्यावरण पर पड़ रहा है गंभीर असर

वन विशेषज्ञों के अनुसार सागौन का एक पेड़ तैयार होने में कई दशक लग जाते हैं, जबकि उसे काटने में कुछ घंटे ही पर्याप्त होते हैं। लगातार हो रही अवैध कटाई से न केवल वन संपदा को नुकसान पहुंचता है, बल्कि जैव विविधता, पर्यावरण संतुलन और वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास भी प्रभावित होते हैं। यदि यह सिलसिला नहीं रुका तो आने वाले वर्षों में क्षेत्र के जंगलों का हरित स्वरूप गंभीर रूप से प्रभावित हो सकता है।

#### रात के अंधेरे में सक्रिय हो रहे लकड़ी तस्कर

ग्रामीणों के अनुसार बरसात के मौसम में वन क्षेत्र के कच्चे रास्तों और सड़क किनारे स्थित जंगलों में रात के समय लकड़ी तस्करों की गतिविधियां बढ़ जाती हैं। उनका आरोप है कि नियमित गश्त और निगरानी के अभाव का फायदा उठाकर तस्कर कीमती सागौन के पेड़ों को काटकर आसानी से बाहर ले जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वन विभाग को ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों में रात्रिकालीन गश्त बढ़ाकर लगातार निगरानी करनी चाहिए, ताकि अवैध कटाई पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

#### पहले भी सामने आ चुके हैं ऐसे मामले

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी सिवनी मालवा और बनापूरा वन परिक्षेत्र में सागौन सहित अन्य बहुमूल्य पेड़ों की अवैध कटाई की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। उनका आरोप है कि प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से अवैध कटाई करने वालों के हौसले लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे जंगलों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। चूंकि जंगल केवल लकड़ी का स्रोत नहीं, बल्कि पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर हैं। जंगलों का संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है।

## जगन्नाथ रथ यात्रा को भव्य स्वरूप देने पर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर क्षेत्र में यह पहला अवसर होगा कि इस वर्ष भगवान श्री जगन्नाथ तीर्थ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 16 जुलाई 2026 गुरुवार को होगा। जिसकी पूर्व तैयारियों के लिए शनिवार शाम शारदा सेवा संघ के निशुल्क कोचिंग क्लास परिसर में बैठक आयोजित की गई। आयोजक संस्था की ओर से अधिवक्ता प्रांजल तिवारी ने बताया कि शारदा सेवा संघ की बैठक का आयोजन समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल की अध्यक्षता में किया गया।

वहीं शारदा सेवा संघ की ओर से उपस्थित गौतम चक्रवर्ती ने विस्तार से आयोजन की जानकारी दी। उन्होंने यात्रा के कारणों के बारे में जानकारी दी। वहीं बैठक में अन्य वरिष्ठजनों तथा युवा साथियों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। ताकि श्री जगन्नाथ रथ यात्रा को भव्य स्वरूप दिया जा सके।

प्रांजल तिवारी ने बताया कि 16 जुलाई को नगर के बिहारी चौक से श्री जगन्नाथ रथ यात्रा रवाना होगी। जिसका विश्राम रामगंज वार्ड स्थित श्री राम जानकी मंदिर परिसर में होगा। यात्रा विश्राम पर प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस दौरान बैठक में गौतम चक्रवर्ती एवं अध्यक्ष कन्नूलाल अग्रवाल सहित लक्ष्मी नारायण सोनी, कृष्णा पालीवाल, जगदीश भावसार, संजय तिवारी, शिवकुमार पटेल, प्रतीक तिवारी, पार्षद भास्कर माझी, मनोहर भावसार, उत्तम घरामी, पूनम दुबे, संस्था से अमित सावो, सुभद्रा सावो व अन्य नागरिक उपस्थित थे।

### सीएमओ ने किया बाजार क्षेत्र का निरीक्षण देखी व्यवस्थाएं

नर्मदापुरम। सीएमओ वैभव देशमुख द्वारा सिटी कोतवाली टीआई गौरव सिंह बुंदेला के साथ नगर के बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने दुकान के बाहर रखी सामग्री को दुकानदारों से अंदर रखने की समझाइश दी। निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण दल आदि उपस्थित थे।

### बरसात में जलभराव के स्थानों का कराया जा रहा पुराव



**सोहागपुर।** शहर में स्टेट हाईवे सहित अंदरूनी मार्गों पर कई स्थल हैं, जहां बरसाती पानी एकत्रित होता है। नप द्वारा उक्त स्थलों का बजरे से पुराव कराया जा रहा है। नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि नपाध्यक्ष लता पटेल ने गत दिनों जलभराव वाले स्थल देखे थे तथा पुराव के निर्देश दिए थे। स्वच्छता शाखा द्वारा सेनेटरी इंस्पेक्टर संजय दुबे के मार्गदर्शन में जलभराव के स्थलों का पुराव किया जा रहा है, ताकि आवाजाही बाधित न हो।

## बंगलिया अंडरपास की मांग पर बढ़ा कदम पार्षद बाबरिया की पहल पर रेलवे ने किया सर्वे

### सांसद दर्शन सिंह चौधरी के समक्ष रखी गई थी मांग, प्रस्ताव भेजेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



उत्तर बंगलिया क्षेत्र में लंबे समय से अंडरपास और कलवर्ट पुलिया निर्माण की मांग अब मूर्त रूप लेती दिखाई दे रही है। शनिवार को रेलवे अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं वार्डवासियों ने बंगलिया पुल तथा डायवर्शन रोड के समीप रेलवे लाइन किनारे संभावित अंडरपास स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मौके की स्थिति का जायजा लेते हुए अंडरपास निर्माण की संभावनाओं का आकलन किया। गौरतलब है कि विगत दिनों वार्ड क्रमांक 8 की पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया ने सांसद दर्शन सिंह चौधरी के समक्ष उत्तर बंगलिया में रेलवे अंडरपास तथा कलवर्ट पुलिया निर्माण की मांग रखी थी।

सांसद के निर्देश के बाद रेलवे अधिकारियों द्वारा स्थल निरीक्षण की कार्रवाई की गई। निरीक्षण में सहायक मंडल अभियंता (अनुरक्षण) समय सिंह मीणा, जेडआरयूसीसी सदस्य योगेंद्र सिंह राजपूत, पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार बाबरिया एवं जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य प्रशांत अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान नगरपालिका उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, रामदुलारे बौरासी, सुरेश कौशिक, धर्मेंद्र कौशिक, मोहन, राजकुमार चौरे, पप्पू ठाकुर, कल्लू सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय में 'दीक्षारंभ प्रवेश उत्सव' संपन्न नवप्रवेशित विद्यार्थियों का हुआ आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

नर्मदापुरम जिले के एसडीएएम महाविद्यालय, सिवनी मालवा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए 'दीक्षारंभ प्रवेश उत्सव एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम' का आयोजन उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश कुशवाहा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

#### तिलक लगाकर किया आत्मीय स्वागत

कार्यक्रम के अंतर्गत नवप्रवेशित विद्यार्थियों का महाविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर कुमकुम, अक्षत एवं तिलक लगाकर पारंपरिक एवं आत्मीय स्वागत किया गया। इसके बाद मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

#### उच्च शिक्षा व्यक्तित्व निर्माण का माध्यम

प्राचार्य राजेश कुशवाहा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और कौशल निर्माण का मजबूत आधार है।

उन्होंने कहा कि महाविद्यालय गुणवत्तापूर्ण एवं नवाचार आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर समर्पण और अनुशासन के साथ अध्ययन करने का आह्वान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

#### भ्रमण के साथ कार्यक्रम का हुआ समापन

कार्यक्रम के समापन पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय परिसर का भ्रमण कराया गया, जिससे वे विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक सुविधाओं से परिचित हो सके। अंत में सभी विद्यार्थियों को मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त शिक्षकीय एवं गैर-शिक्षकीय स्टाफ उपस्थित रहा।

## सीएमओ ने सीएम हेल्पलाइन के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने गत दिवस कार्यालय में सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों की समीक्षा बैठक की। बैठक में नप की विभिन्न शाखा संबंधी सीएम हेल्पलाइन नंबर 181 पर की गई शिकायतों की तात्कालिक स्थिति की समीक्षा की गई है।

सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि बैठक में नप की स्वच्छता शाखा, लोक निर्माण शाखा, योजना शाखा, स्थापना शाखा एवं अतिक्रमण से संबंधित शिकायतों पर चर्चा की गई। इस दौरान मई एवं माह जुलाई की ग्रेडिंग पर फोकस की बात कही गई। त्वरित निराकरण से आमजन को बेहतर नागरिक सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी तथा नगर परिषद की ग्रेडिंग में भी सतत सुधार हो सकेगा।

बैठक के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, पूर्व पार्षद जगदीश अहिरवार, पार्षदद्वय आशीष मालवीय एवं भास्कर मांझी सहित स्वच्छता निरीक्षक संजय दुबे, एआरआई संजय परसाई, दयाशंकर कुड़मी, सरला सनकत, हक्कूलाल परते, जयसिंह राजपूत व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जनपद पंचायत में अटैच करने के बाद भी ग्राम पंचायत सचिव लापता, फिर भी निकल रहा वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत के सचिव रोजगार सहायक को लेकर तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रबल अरजरिया कभी गंभीर नहीं रहे है। जिसके कारण सचिव भी मौके का फायदा उठाते हैं। ग्राम पंचायत तरौनकला की सरपंच रुक्मणी बाई ने सचिव किरण कहार को हटाने के लिए पुरजोर कोशिश की थी। अनेकानेक जनसुनवाई में कलेक्टर सहित अन्य सभी अधिकारियों को लिखित रूप से अवगत कराइस मामले या गया था।तो उस समय प्रबल अरजरिया ने यह कहते हुए पल्लू झाड़ लिया था। फिर कुछ समय बाद बीजनवाडा सचिव को अतिरिक्त प्रभार तरौनकला का दिया गया था। तथा किरण कहार को जनपद पंचायत में अटैच कर दिया गया था।जिनका वेतन भुगतान आज भी तरौनकला पंचायत से हो रहा है। लेकिन अभी तक देखने में आया कि अटैच सचिव आज भी जनपद पंचायत नहीं आ रही हैं। सचिव विजय पटेल का तबादला बनखेड़ी विकास खण्ड के वनवारि पंचायत में किया गया था। लेकिन वहां पर इस नाम की कोई पंचायत नहीं है।अभी तक संशोधन नहीं किया गया है। लगभग 7सचिव के तबादले किए गए थे। लेकिन अभी तक सिर्फ राईखेड़ी पंचायत के सचिव को ही प्रभार सौंपा गया है। जनपद पंचायत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी नहीं होना भी कारण बना हुआ है। इस मामले में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत का प्रभार मुझे सौंपा गया है। तो उन्होंने तबादला हुए सचिव को रिलीव कर दिया गया है। लेकिन अभी विजय पटेल , खेमचंद सराठे के आदेश में संशोधन जिला कार्यालय से ही संभव है।

### खापरखेड़ा पंचायत में हुआ भूमि पूजन

**पिपरिया।** ग्राम पंचायत खापरखेड़ा के सरपंच सुलभ गोदानी सचिव प्रदीप पांडे रोजगार सहायक एवं स्टाफ के द्वारा पंचायत में लगातार विकास कार्य में बढ़ोतरी की जा रही है।जो कार्य किसी सरपंच ने नहीं कराएं है।वह कराएं जा रहें हैं। बरसात होने के पूर्व सभी नालों नाली को मशीन से साफ़ किया गया है। श्मशान घाट में वृक्षारोपण कार्य किया गया है।अति सुन्दर बनाया गया है। विधायक ठाकुरदास नागवंशी के माध्यम से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए लगभग 25 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं। कार्य का शुभारंभ करने हेतु सरपंच सचिव रोजगार सहायक सहित अन्य सभी लोगों की उपस्थिति में भूमि पूजन के कार्यक्रम हुआ।

## भाजपा मंडल सोहागपुर की मंडल बैठक संपन्न, हुई विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



भारतीय जनता पार्टी मंडल सोहागपुर की मंडल बैठक शनिवार को विधायक निवास सोहागपुर में संपन्न हुई। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, मंडल की गतिविधियों, बूथ सशक्तिकरण एवं विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रबैठक में प्रीति शुक्ला, अर्चना साहू, अश्वनी सरोज, मिथलेश ठाकुर, ऋषभ गढ़वाल, भगवान सिंह पटेल, सौरभ सोनी, नप अध्यक्ष लता यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश पटेल, शक्ति मेहरा, संध्या नागवंशी, गोपाल माहेश्वरी, रविशंकर उइके, आशीष विश्कर्मा, जगदीश अहिरवार आदि सहित मंडल शक्ति केंद्र संयोजक, सह संयोजक, आईटी प्रभारी, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा व प्रकोष्ठ पदाधिकारी, वरिष्ठजन तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ पत्रकार विनीत राठी ने जन्मदिन पर भेंट किया मंदिर

# नगर के वरिष्ठ नागरिक आश्रम में अनूठी पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



नगर के वरिष्ठ नागरिक आश्रम में एक भावुक और प्रेरणादायी आयोजन संपन्न हुआ। वरिष्ठ पत्रकार विनीत राठी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर स्व. माता जी श्रीमती कमला रानी राठी की पुण्य स्मृति में आश्रम परिसर में निर्मित सुंदर मंदिर आश्रम को भेंट किया कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान की पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ हुआ इसके पश्चात श्री राठी ने बुजुर्गों के बीच केक काटकर खुशियां बांटीं।

सभी स्नेह जनों द्वारा पुष्प गुच्छ माला श्याम दुपट्टा पहनाकर शुभकामनाएं दीं इस दौरान भजनों पर बुजुर्गों ने भाव-विभोर होकर नृत्य भी किया मिठाई वितरण कर सभी वरिष्ठ नागरिकों से आशीर्वाद लिया गया।आश्रम के सदस्यों द्वारा श्री राठी को स्मृति चिन्ह भेंट किया ।

इस अवसर पर श्री राठी ने कहा, माता पिता ने जीवन भर हमें संस्कार दिए।आज उन्हीं के आशीर्वाद से जो कुछ हूं, वो उन्हीं की देन है। इस मंदिर में रोज पूजा होगी तो मां को सच्ची श्रद्धांजलि मिलेगी और यहाँ रह रहे सभी वरिष्ठ नागरिकों की भी भगवान के प्रति आस्था बढ़ेगी। यह मंदिर मातृ-भक्ति और वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान का प्रतीक है। इससे यहाँ का माहौल भक्तिमय हो जाएगा। उन्होंने कहा, मां-बाप के बिना घर, घर नहीं होता। उन्होंने अपना पूरा जीवन, अपनी नींदें हमारे नाम कर दी। वे हमारे लिए बोझ नहीं, इस समाज की नींव हैं।

आश्रम के बुजुर्गों ने श्री राठी को लंबी उम्र और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर नंदकिशोर व्यास, राजा तिवारी, राजू राठौर, रामशंकर दुबे, नकुल मालवीय, अरुण कश्यप, शेखर बातब, नीरज यादव, उमेश गौड़, सुधीर मालवीय, संतोष चंदेल, सचिन महेश्वरी दीपक दीक्षित बलराम रघुवंशी दीपक राठी आनन्द कुशवाहा सहित नगर के गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण, जनप्रतिनिधि एवं आश्रम के सदस्य उपस्थित रहे।

## आगामी 9 अगस्त के प्रतिभा सम्मान समारोह एवं युवा समागम की तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार, बैठक में बनाई गई कार्यसमिति

### शैलेन्द्र दुबे बने इटारसी शाखा अध्यक्ष, श्यामसरन तिवारी को ग्रामीण शाखा की मिली कमान


हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



म.प्र. कड़ा माणिकपुरी जिझौतिया ब्राह्मण समाज, इटारसी एवं नर्मदापुरम शाखा द्वारा आपदा अक्षय कोष प्रबंधन समिति के तत्वावधान में आगामी 9 अगस्त 2026 को साईं कृष्णा रिसॉर्ट, नर्मदापुरम में आयोजित होने वाले जिलास्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह एवं युवा समागम की तैयारियों को लेकर शनिवार को पत्रकार भवन, इटारसी में समाज की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में समाज के वरिष्ठ नरेंद्र तिवारी, श्रीमती सविता दीवान शर्मा, हेमंत दुबे, कैलाश दुबे, प्रदीप दुबे एवं श्यामसरन तिवारी मंचासीन रहे। सभी वक्ताओं ने समाज को संगठित करने, युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने तथा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों सम्मानित करने जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर आगामी आयोजन के सफल संचालन के लिए सर्वसम्मति से कार्यसमिति का गठन किया गया। इसमें रवि दुबे को संयोजक, अशोक दुबे को सहसंयोजक, रजत दुबे को सचिव, विनोद परसाई को सहसचिव, संतोष दीवान को कोषाध्यक्ष तथा संदीप तिवारी एवं शैलेन्द्र दुबे को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। मीडिया प्रभारी आलोक दीक्षित , सुरेश दुबे एवं मातृशक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए सीमा दुबे को कार्यसमिति में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया। कार्यकारिणी में मधुलता दीवान, उर्मिला तिवारी, प्रीति पांडे, सारिका दुबे को स्थान दिया गया बैठक के अंत में समाज की संगठनात्मक संरचना को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इटारसी शाखा के लंबे समय तक अध्यक्ष रहे कैलाश दुबे ने अपने पद से इस्तीफा देकर नई पीढ़ी को नेतृत्व सौंपने की घोषणा की। इसके बाद उपस्थित समाजजनों की सर्वसम्मति से युवा शैलेन्द्र दुबे को म.प्र. कड़ा माणिकपुरी जिझौतिया ब्राह्मण समाज, इटारसी शाखा का अध्यक्ष चुना गया। वहीं श्यामसरन तिवारी को समाज की ग्रामीण शाखा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे ने सभी वरिष्ठजनों एवं समाजजनों का आभार व्यक्त किया। बैठक का संचालन रजत दुबे एवं आभार राहुल तिवारी द्वारा व्यक्त किया गया।

### नदी नाले उफान पर आने से जनजीवन प्रभावित

# जिले में लगातार तेज बारिश से कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया







हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक हुई तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया। लगातार बारिश के कारण छोटी-बड़ी नदियां और नाले उफान पर आ गए। कई ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव हो गया और कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया।

मौसम विभाग के अनुसार, बीते 24 घंटे में हरदा तहसील में 4 इंच और खिरकिया तहसील में 6 इंच बारिश दर्ज की गई। भारी बारिश के चलते माचक, स्यानी, देदली, मटकुल, अजनाल और गंजाल सहित जिले की प्रमुख नदियां उफान पर बहने लगीं। ग्राम मांदला के पास काली माचक नदी का जलस्तर बढ़ने से पुल पर करीब तीन फीट पानी आ गया। इसके चलते नर्मदापुरम-खंडवा स्टेट हाईवे पर आवागमन बाधित हो गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ा। इसी तरह ग्राम कडोला और कनारदा के पास मटकुल नदी का पानी सड़क पर आने से मार्ग बंद हो गया। इसके बावजूद कुछ लोग जोखिम उठाकर उफनती नदी पार करते नजर आए, जिससे हादसे की आशंका बनी रही। ग्राम कमताड़ा में शनिवार सुबह करीब 5 बजे नाला उफान पर आ गया। इससे गांव की मुख्य सड़क जलमग्न हो गई और कई घरों व दुकानों में पानी भर गया। वहीं, रोलगांव में माचक नदी का जलस्तर बढ़ने से रिहायशी इलाकों में पानी घुस गया। ग्राम पहटकला में स्यानी नदी नए पुल के ऊपर से बहती रही। इसके अलावा आमासेल, रहटाकला, मांदला, ढोलगांव, कडोला, बारंगा, टेमलावाड़ी और सारंगपुर सहित कई गांवों में जलभराव और आवागमन प्रभावित रहा। बारिश के कारण ग्रामीण क्षेत्रों से परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में दिक्कत होने पर प्रशासन और पुलिस ने छात्राओं के लिए विशेष व्यवस्था की। उफनती नदियों के कारण रास्ते बंद होने पर ग्रामीणों की मदद से छात्राओं को ट्रैक्टर से पुल पार कराया गया। इसके बाद डायल-112 के जवानों ने उन्हें सुरक्षित कॉलेज पहुंचाया, जिससे वे समय पर परीक्षा में शामिल हो सकीं।

#### पिछले 24 घंटों में जिले में 107 मि.मी.

जिले में गत चैबीस घंटों में 107 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चैबीस घंटे में हरदा तहसील में 101.6 मि.मी., टिमरनी में 27.3 मि.मी., खिरकिया में 142.2 मि.मी., सिराली में 146.9 मि.मी. तथा रहटगांव में 117 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 291.1 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 330.3 मि.मी., टिमरनी में 212.3 मि.मी., खिरकिया में 318 मि.मी., सिराली में 292.7 तथा रहटगांव में 302.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 4 जुलाई तक 277.9 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

#### फंसे तीन लोगों को सुरक्षित निकाला



खिरकिया। लगातार हो रही बारिश के कारण धनवाड़ा क्षेत्र में माचक नदी का जलस्तर बढ़ जाने से तीन लोग नदी के बीच स्थित घर एवं पेड़ पर फंस गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सफल रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर तीनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जयसिंह पिता अजबसिंह, रूपचंद पिता टीकाराम एवं गणेश पिता शिवप्रसाद नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण बीच में स्थित घर एवं पेड़ पर फंस गए थे। सूचना मिलते ही एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल, तहसीलदार लवीना घाघरे तथा एसडीआरएफ की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने त्वरित एवं सुनियोजित रेस्क्यू अभियान चलाकर तीनों व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

### कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

# मूंग की फसल की शत प्रतिशत खरीदी की मांग को लेकर भाकिसं का धरना प्रदर्शन शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल की शत प्रतिशत खरीदी की मांग को लेकर किसानों ने शनिवार को प्रदर्शन किया। भारतीय किसान संघ ने जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। ग्राम चारखेड़ा के 200 से अधिक किसान बाइक से हरदा पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार बी.डी. तमखाने को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने सरकार द्वारा मूंग की खरीदी की सीमा 120 किलोग्राम प्रति एकड़ तय किए जाने पर नाराजगी जताई। इस दौरान मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी भी की। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने खरीदी सीमा की डेट बढ़ाने की मांग की। किसानों का कहना है कि जिले में मूंग की औसत पैदावार 15 से 16 क्विंटल प्रति हेक्टेयर रही है। ऐसे में प्रति एकड़ 120 किलोग्राम खरीदी की सीमा उचित नहीं है। उनका कहना है कि इससे लागत, मेहनत, सिंचाई, खाद, बीज, दवा और जोखिम का सही मूल्य नहीं मिल पाता। किसानों के अनुसार, खरीदी सीमा कम होने के कारण उन्हें बची हुई उपज मंडी में कम कीमत पर बेचनी पड़ती है, जिससे आर्थिक नुकसान होता है।

भारतीय किसान संघ के जिला प्रवक्ता राजनारायण गौर ने कहा कि सरकार इस वर्ष को 'कृषि कल्याण वर्ष' के रूप में मना रही है, लेकिन किसानों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार 120 किलोग्राम प्रति एकड़ के हिसाब से मूंग खरीद रही है, जबकि प्रति एकड़ 5 से 6 क्विंटल उत्पादन हुआ है। उन्होंने वर्ष 2025 की सोयाबीन बीमा राशि का जल्द वितरण करने की भी मांग की। किसान संघ ने कहा कि यदि मूंग की खरीदी की मात्रा नहीं बढ़ाई गई तो आगामी चुनाव में सरकार को इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा। किसानों ने धरनास्थल पर ही भोजन बनाने और रात बिताने का फैसला किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शत प्रतिशत मूंग खरीदी शुरू नहीं हुई तो आने वाले दिनों में भोपाल में भी प्रदर्शन किया जाएगा। किसानों ने खरीदी केंद्रों की संख्या बढ़ाने की भी मांग की। उनका कहना है कि सीमित केंद्र होने के कारण उन्हें लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इससे परिवहन खर्च बढ़ता है। तौल में देरी होती है और कई बार स्लॉट, टोकन या केंद्र की व्यवस्था नहीं होने से उपज समय पर नहीं बिक पाती।

# विद्युत संबंधी 649 शिकायतों का मौके पर निराकरण

**हरदा**। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड हरदा के अंतर्गत सभी वितरण केंद्रों द्वारा ह्यसंपर्क अभियान 2026 के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उप महाप्रबन्धक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी ने बताया कि शुक्रवार को आयोजित शिविरों में कुल 816 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 649 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इसके अतिरिक्त 36 नए विद्युत कनेक्शन हेतु आवेदन प्राप्त हुए। शिविरों में हरदा शहर, खिरकिया, टिमरनी, सिराली एवं अन्य वितरण केंद्रों पर आयोजित शिविरों में उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली एवं उसके लाभों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही स्मार्ट मीटर एवं सामान्य डिजिटल मीटर की जांच उपभोक्ताओं के समक्ष प्रदर्शित कर यह बताया गया कि स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली पूरी तरह सही एवं पारदर्शी है। शिविरों में महाप्रबंधक हरदा, उपमहाप्रबंधक हरदा उत्तर एवं हरदा दक्षिण के साथ-साथ विभिन्न वितरण केंद्रों के प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधक भी उपस्थित रहे।




### सुधार नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी

# विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर अभाविप ने जिला शिक्षा अधिकारीकार्यालय का घेराव किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय का घेराव किया। परिषद ने चेतावनी दी कि यदि आठ दिनों में व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन से पहले एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी स्कूल से डीईओ कार्यालय तक रैली निकाली। जब कार्यकर्ता कार्यालय के अंदर जाने लगे तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया।

इस दौरान कुछ छात्र नेता गेट पर चढ़कर अंदर जाने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें बाहर ही रोक लिया। परिषद के पदाधिकारियों ने डीईओ डीएस रघुवंशी को ज्ञापन सौंपकर विद्यार्थियों की समस्याओं से अवगत कराया।नगर मंत्री निकुंज शर्मा ने बताया कि जिले की अधिकांश स्कूल बसों में फायर सेफ्टी सिस्टम नहीं है, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा खतरे में रहती है। उन्होंने स्कूल बसों में महिला स्टाफ की अनिवार्य नियुक्ति, ओवरलोड ऑटो और वैन चालकों पर कार्रवाई तथा उनकी गति तय करने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बस और स्कूल में स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। स्कूलों में छात्राओं के लिए सैनिटरी पैड की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। एबीवीपी ने आरोप लगाया कि निजी स्कूल सरकार द्वारा तय फीस से अधिक शुल्क वसूल रहे हैं। साथ ही अभिभावकों को तय दुकानों से ड्रेस और पाठ्य सामग्री खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

परिषद ने मामले की जांच कर दोषी स्कूलों पर कार्रवाई और उनकी मान्यता रद्द करने की मांग की। इसके अलावा सरकारी और निजी स्कूलों की जर्जर इमारतों का निरीक्षण कर उन्हें सुधारने की मांग भी की। परिषद ने स्कूलों में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, पानी की टंकियों का निरीक्षण, बिना परमिट चल रही बसों पर रोक, हर बस और स्कूल में लाइव सीसीटीवी कैमरे तथा निजी स्कूलों में सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था की मांग की। साथ ही निजी स्कूलों के शिक्षकों को समय पर नियमानुसार वेतन देने की भी मांग उठाई। परिषद ने कहा कि यदि तय समय में मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

#### बारिश से 300 छात्र परीक्षा नहीं दे सके

बीती रात हुई तेज बारिश से जिले की कई नदियां और नाले उफान पर आ गए। इससे कई सड़कें बंद हो गईं और करीब 300 विद्यार्थी परीक्षा केंद्र तक नहीं पहुंच सके। विद्यार्थी परिषद ने विश्वविद्यालय और कॉलेज के प्राचार्य को ज्ञापन देकर मांग की है कि परीक्षा से वंचित विद्यार्थियों के लिए दोबारा परीक्षा आयोजित की जाए, ताकि उनका शैक्षणिक वर्ष खराब न हो।


# करोड़ों की बिल्डिंग शुरुआती बारिश में ही बीमार जिला अस्पताल के आईसीयू में टपक रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में मानसून ने रफ्तार क्या पकड़ी, स्वास्थ्य विभाग के दावों और करोड़ों रुपये की लागत से बनी अस्पताल की नई बिल्डिंग की पोल खुलकर सामने आ गई। जिला अस्पताल का सबसे अति संवेदनशील माना जाने वाला आईसीयू वार्ड खुद वेंटीलेटर पर नजर आ रहा है। शुरुआती बरसात में ही अस्पताल की छत जवाब दे गया। गंभीर मरीजों को राहत मिलने की बजाय बेड के ठीक ऊपर पानी टपक रहा है, जिससे संक्रमण और शॉर्ट सर्किट का बड़ा खतरा मंडराने लगा है।

#### एसी से हवा नहीं, बरस रहा पानी

शुक्रवार को झमाझम बारिश के दौरान जिला अस्पताल के आईसीयू का एसी पूरी तरह फेल हो गया है। हैरानी की बात यह है कि गंभीर मरीजों को ठंडी हवा देने वाले एसी से अब लगातार बरसात का पानी रिस रहा है, जबकि वार्ड में वेंटिलेटर और मॉनिटर पर रखे गए अति गंभीर मरीज भर्ती हैं। बेड के ठीक ऊपर पानी टपकने के कारण मरीज और उनके परिजन खुद को बचाने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या की शिकायत ड्यूटी स्टाफ और



अस्पताल प्रबंधन से की गई, लेकिन किसी ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया।

#### करंट फैलने का खतरा

आईसीयू वार्ड में जीवन रक्षक मशीनें और लाइफ सपोर्ट सिस्टम चौबीसों घंटे चालू रहते हैं, जो पूरी तरह बिजली से चलते हैं। छत और पाइपलाइन से लगातार पानी रिसने के कारण दीवारों में भारी सीलन आ चुकी है। पानी सीधे बिजली के पॉइंट और मशीनों के आसपास गिर रहा है, जिससे किसी भी वक्त शॉर्ट सर्किट होने या पूरी दीवार में करंट फैलने का बड़ा हादसा हो सकता है।



#### अब तक 9 इंच से ज्यादा बारिश

एक तरफ जहां अस्पताल की व्यवस्थाएं चरमराई हैं, वहीं दूसरी तरफ जिले में बारिश का आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है। भू अभिलेख विभाग के अनुसार 3 जुलाई को जिले में औसतन 1.25 इंच बारिश दर्ज की गई। वहीं 1 जून से अब तक जिले में कुल 9.08 इंच औसत वर्षा हो चुकी है। बीते 24 घंटे की बात करें तो जावर में 2.81, आष्टा में 2.32 इंच, भैंरुदा 2.20 इंच, श्यामपुर 1.18 इंच, इछावर 0.87 इंच और सीहोर मुख्यालय पर 0.35 इंच बारिश दर्ज की गई। आंकड़ों की तुलना करें तो साल 2025 में 3 जुलाई तक जिले में 8.74 इंच बारिश हुई थी, जबकि इस वर्ष यह आंकड़ा बढक़र 9.08 इंच पहुंच गया है।

# ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर द्वारा पैगंबर हज़रत मुहम्मद के संबंध में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाली नाज़िया इलाही खान के खिलाफ उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर सख्त धाराओं में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद असदुद्दीन ओवैसी बैरिस्टर और प्रदेश अध्यक्ष मोहसिन अली खान के निर्देश पर जिला पदाधिकारी सैय्यद शाकीर अली, अयान कुरैशी, आबिदी कुरेशी,अजमत पठान, आबीद मनमुरी,शेख शुकमान, अदनान, सलमान, लतीफ खान, दिलावर, रियाज,असलम, अकरम इकराम सहित सीहोर,आष्टा , इछावर, बुधनी, कालापीपल, श्यामपुर, दोराहा अहमदपुर, कुरावर जावर के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने नाज़िया इलाही खान द्वारा पैगंबर हज़रत मुहम्मद के संबंध में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर आपत्ति जताते हुए कहा आपत्तिजनक शब्दों के साथ सम्पूर्ण भारत वर्ष में वीडियो को देखा है।

#### दिव्यांग मतदाताओं के नाम सूची में जुड़वाएं

**सीहोर**। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश ने दिव्यांग मतदाताओं के मताधिकार के दृष्टिगत आयोग द्वारा मतदान केन्द्रों में बुनियादी न्यूनतम सुविधाओं को सुदृढ़ बनाया गया है। दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर, रैंप, बड़े अक्षरों में साइनेज, टोकन सिस्टम, बैठने की सुगम व्यवस्था, पीने का पानी, दिव्यागजनों के लिए अनुकूल शौचालय इत्यादि की व्यवस्था गई है। ही दिव्यांगजन अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सके साथ ही यह भी पता लगा सके, इसके लिए एप की सुविधा प्रदान की गई है। यह मोबाइल एप्लीकेशन ऐप है। चुनाव से पूर्व दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान अधिकारियों, पुलिस कर्मियों और गैर सरकारी संगठनों इत्यादि को दिव्यांगजनों से सम्मानपूर्वक सुलभ बनाने के लिये प्रशिक्षण दिए जाने की भी व्यवस्था की गई है।

### सीहोर-भोपाल का सफर होगा आसान, 15 से दौड़ेंगी ई-बसें, महज 2 रुपए में होगी यात्रा

# चलो एप से बुक होगा टिकट, मोबाइल पर मिलेगी लोकेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर से राजधानी भोपाल और उसके आसपास के इलाकों में रोजाना सफर करने वाले हजारों नौकरीपेशा, छात्रों और आम लोगों के लिए अच्छी खबर है। अब से ठीक 11 दिन बाद यानी 15 जुलाई से सीहोर और भोपाल के बीच का सफर न केवल सुलभ और आरामदायक होने जा रहा है, बल्कि यह जेब पर भी भारी नहीं पड़ेगा। भोपाल नगर निगम सीमा से शहर और उसके आसपास के 10 प्रमुख रूटों पर 20 नई इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू होने जा रहा है।

राहत की बात यह है कि ये सभी अत्याधुनिक पर्यावरण अनुकूल बसें 4 जुलाई तक भोपाल पहुंच जाएंगी, जिसके बाद इनके ट्रायल और रूट मैनेजमेंट की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। बता दें रोजाना हजारों की संख्या में लोग सीहोर शहर से भोपाल अपनी नौकरी, पढ़ाई या अन्य कामों के सिलसिले में आते-जाते हैं।

वर्तमान में उन्हें बसों के लंबे इंतजार और महंगे किराए से जूझना पड़ता है। नई ई-बस सेवा शुरू होने से शहरवासियों को सस्ती परिवहन सेवा मिलेगी। इससे यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।



#### सीहोर-रातापानी का सबसे लंबा रूट

इस सेवा का सबसे लंबा रूट सीहोर से है। ई-बस सीहोर से शुरू होकर फंदा, चिरायु अस्पताल, बैरागढ़, कलेक्ट्रेट, हमीदिया अस्पताल, रोशनपुरा, वल्लभ भवन, बोर्ड ऑफिस, चूना भट्टी, मंदाकिनी चौराहा, बीमा कुंज और कजलीखेड़ा होते हुए रातापानी तक जाएगी। इससे सीहोर के लोग भोपाल के मुख्य अस्पतालों, सरकारी दफ्तरों और बाजारों तक सीधे पहुंच सकेंगे। जबकि दूसरी बस सेवा सीहोर-कटारा बायपास तिराहा 53 किमी का रहेगा, यह रूट सीहोर को भोपाल के दूसरे छोर से जोड़ेगा, वहीं तीसरी बिलखिरिया-सीहोर रहेगी।

#### 2 रुपए में 1.5 किलोमीटर का सफर

इन ई-बसों का किराया आम जनता की जेब को ध्यान में रखकर बेहद राहत भरा रखा गया है। यात्री महज 2 रुपये में 1.5 किलोमीटर तक का सफर तय कर सकेंगे। इससे ऑटो और अन्य निजी वाहनों के मुकाबले यात्रा खर्च में भारी कटौती होगी।

#### एप पर दिखेगी लाइव लोकेशन

इन आधुनिक बसों में सफर करने वाले यात्रियों को बस स्टॉप पर खड़े होकर घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा। यात्री चलो मोबाइल ऐप के जरिए न सिर्फ अपनी टिकट एडवांस में बुक कर सकेंगे, बल्कि ऐप पर बसों की लाइव लोकेशन भी देख सकेंगे। इससे समय की भारी बचत होगी।

#### भविष्य में और मिलेंगी बसें

बताया जा रहा है कि इस साल के अंत तक राजधानी भोपाल शहर और आस-पास के क्षेत्रों को कुल 100 ई-बसें मिल जाएंगी। वहीं अगले वर्ष इसमें 140 और बसें जोड़ी जाएंगी। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में सीहोर से भोपाल के अन्य रूटों के लिए भी अन्य बसें मिलेंगी, जिससे सीहोर-भोपाल के बीच का सफर और भी आसान हो सकेगा।

# 15 जुलाई को सीहोर से जत्था करेगा खाटू श्याम की यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जब स्वयं बाबा श्याम का बुलावा आता है, तभी भक्तों को उनके दिव्य दरबार में शीश नवाने का सौभाग्य प्राप्त होता है। इसी पावन आस्था और अटूट श्रद्धा के साथ सीहोर नगर की धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में अग्रणी संस्था सीहोर सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में नगर के लगभग 55 श्याम प्रेमी आगामी 15 जुलाई (बुधवार) को पावन श्री खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए रवाना होंगे। श्रद्धालुओं का दल दोपहर 4:00 बजे सीहोर रेलवे स्टेशन से ₹जय श्री श्याम₹, ₹हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा₹ और ₹शीश के दानी की जय₹ के गगनभेदी जयघोष के साथ अपनी तीन दिवसीय आध्यात्मिक यात्रा का शुभारंभ करेगा। सांस्कृतिक मंच के आशीष गुप्ता ने बताया कि खाटू धाम पहुंचने के उपरांत श्रद्धालुओं द्वारा लगभग एक किलोमीटर लंबी भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। भक्तजन हाथों में पवित्र निशान लेकर भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ बाबा के दरबार में पहुँचेंगे तथा श्रद्धापूर्वक निशान अर्पित करेंगे। तीन दिवसीय यात्रा के दौरान विश्व प्रसिद्ध दाढ़ी वाले श्री सालासर बालाजी हनुमान के दरबार में भी हाजिरी लगाकर हनुमान जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। साथ ही अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन का भी पुण्य लाभ मिलेगा। सीहोर सांस्कृतिक मंच ने नगरवासियों से अपील की है कि वे 15 जुलाई को सीहोर रेलवे स्टेशन पहुँचकर श्याम प्रेमियों का आत्मीय स्वागत एवं भावभीनी विदाई करें तथा ₹हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा₹ के जयघोष के साथ इस पावन आध्यात्मिक यात्रा सहभागी बनकर बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करें।